महत्वपूर्ण एवं खास

3 महिला समेत 34 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

चुनाव के पूर्व बस्तर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

जगदलपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुकमा में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है.नक्सलियों की बदली और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर सुकमा जिले में 18 स्थाई वारंटी समेत 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें 3 महिला नक्सली भी शामिल हैं।

60 माह बनाम 60 दिन...फर्क तो दिखता है जी : भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के घोषणा पत्र को जुमला पत्र करार देते हुए ट्वीट के माध्यम से एक बार फिर से भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट में लिखा है 60 माह बनाम 60 दिन...फर्क तो दिखता है जी।

फूलोदेवी नेताम ने कहा-महिला विरोधी है बीजेपी का घोषणा पत्र

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र केन्द्र सरकार की तरह महिला विरोधी एवं झूठ का पुलिंदा मात्र है। सोमवार को जारी एक बयान में श्रीमती नेताम ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस सरकार बनने पर आगामी लोकसभा के पहले सत्र में महिलाओं के आरक्षण बिल को पास कराने का वचन दिया है। भाजपा ने पूर्व में भी महिला विधेयक को लागू कराने के लिए संकल्प का वादा किया था लेकिन पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार ने जानबूझकर महिला विधेयक बिल को सदन में प्रस्तुत नहीं किया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती नेताम ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी और भाजपा के महिला विरोधी रवैये को पूरी दुनिया ने देखा है।

कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी बने सूरज कश्यप

जगदलपुर (आरएनएस)। जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस के युवा नेता सूरज कश्यप को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। दिल्ली से एआईसीसी के द्वारा जारी एक सूची में सूरज कश्यप का नाम भी है। सूरज कश्यप को आदिवासी कांग्रेस का बस्तर लोकसभा प्रभारी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने देश के 13 लोकसभा क्षेत्रों में नए प्रभारी बनाए हैं इनमें सूरज कश्यप का नाम भी शामिल है।

नक्सलियों की चुनाव बहिष्कार रैली में शामिल हुए 20 गांवों के लोग

जगदलपुर (आरएनएस)। दंतेवाड़ा-सुकमा बॉर्डर के अंदरूनी गांवों में नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार की रैली निकाली, जिसमें दहशत ही थी कि नीलावाया, नहाड़ी, ककाड़ी, पोटाली, बुरगुम, गोरगुंडा सहित 20 से अधिक गांवों के 4000 ग्रामीण शामिल हुए।

अश्लील मैसेज कर महिला को परेशान किया,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। महिला के मोबाईल फोन पर अश्लील मैसेज भेजकर परेशान किये जाने की रिपोर्ट सरस्वतीनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार चौबे कालोनी सरस्वतीनगर निवासी प्रार्थिया 38 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 1 मई 2018 से लेकर 8 अप्रैल 2019 तक मोबाईल नंबर 70009-98188 का धारक अर्जूनदास वासवानी निवासी सिंधी कालोनी कटोरातलाब सिविल लाईन रायपुर निवासी ने मोबाईल फोन के वाट्सप पर अश्लील मैसेज भेजकर परेशान किया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 509 ख के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

व्यापारियों ने मतदान नहीं करने का किया एलान

सौंपा ज्ञापन, सड़क सुधारने की मांग

कोरबा (आरएनएस)। पिछले डेढ़ साल से जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे व्यापारियों ने मतदान नहीं करने का एलान कर दिया है। रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए सड़क पर व्यापारियों ने प्रदर्शन भी किया। मतदान का बहिष्कार किए जाने का ज्ञापन जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम तहसीलदार को सौंपा गया है।

फेसबुक में ब्रिटिश नागरिक बनकर युवतियों को ठगने वाला एक नाइजीरियन सहित दो गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर महिलाओं को ठगने वाले एक नाइजीरियन और उसकी साथी महिला को छत्तीसगढ़ पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। आरोपी महिला को अपनी पत्नी बता रहा है हालांकि महिला मणिपुर की रहने वाली है। दोनों मिलकर कई महिलाओं को झांसा देकर उनसे लाखों की ठगी कर चुके है। पुलिस ने आरोपियों से 3 नग लेपटॉप, 4 नग मोबाइल, पासपोर्ट, पेन ड्राइव, 3 नग पासबुक, आधार कार्ड व पेनकार्ड जब्त किया है।

इस ठगकांड का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि आरोपी चार्ली मगाने फ्रांज सीन (40 वर्ष) नाइजीरियन का रहने वाला है और उसके साथ पकड़ाई कथित पत्नी लिण्डा (30 वर्षीय) मणिपुर की रहने वाली है। वर्तमान में दोनों रंजीत विहार दिल्ली में रहते है। बताया जाता है कि ये दंपत्ति फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर अलग-अलग नाम व फोटो लगाकर रखते थे और महिलाओं को अपने प्रेमजाल में फंसाता था। इसके बाद महिलाओं से शादी कर विदेश ले जाने का झांसा देकर उनसे पैसों की डिमांड करते थे और उनसे रूपये लेकर धोखाधड़ी करते थे। लेकिन इस बीच आरोपियों को छग की राजधानी रायपुर के सिविल लाईन निवासी एक महिला को ठगी का शिकार बनाना महंगा पड़ा। रायपुर निवासी महिला को भी आरोपी ने फेसबुक के जरिए शादी का झांसा देकर विदेश ले जाकर वहां की नागरिकता दिलाने की बात कहीं और इसके लिए उससे 9 लाख 33 हजार 500 रूपये अलग-अलग किस्तों में अपने खाते में डलवा लिए। महिला को जब ठगने का एहसास हुआ तो उसने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान की सभी तैयारी पूरी

सात अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

1,880 मतदान केन्द्रों में साढ़े तेरह लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन के तहत छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में गुरूवार 11 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। मतदान दलों की रवानगी की भी तैयारियाँ की जा चुकी है। इस चरण में बस्तर संभाग के 5 जिलों के 8 विधानसभा क्षेत्रों के 13 लाख 77 हजार 946 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। कुल मतदाताओं में 7 लाख 15 हज़ार 550 महिलाएं,6 लाख 62 हज़ार 355 पुरुष तथा 41 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 1 हजार880 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें 2 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं।



इस लोक सभा क्षेत्र में 224 अति संवेदनशील मतदान केंद्र हैं वहीं 512 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के दुर्गम 72 मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है।

फर्जीवाड़े के लिए कंडक्टर ने बनाया वाहट्स एप ग्रुप

सिटी बस चेकिंग दल ने पकड़ा मामला, लगा लाखों का चूना

लखनऊ, (आरएनएस)। फर्जीवाड़ के लिए लखनऊ सिटी बस कंडक्टर ने अलग से एक वाहट्स एप ग्रुप बनाया और इससे 250 से अधिक चालक व परिचालकों को जोड़ा। उसने ऐसा इसलिए किया ताकि वो बराबर एक दूसरे के संपर्क में रहकर चेकिंग दलों का लोकेशन लेते रहें और बिना टिकट लोगों को यात्रा कराकर सिटी बस प्रबंधन को चूना लगाते रहें। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब एक सिटी कंडक्टर का यात्री लोड फैक्टर 60 फीसदी के स्थान पर केवल 36 फीसदी निकला जबकि वहीं सिटी बस प्रबंधन की टीम ने उसका मोबाइल चेक किया तो सारे मामले का पता चला। उसके मोबाइल में जय बाबा नीम करौरी नाम से ऐसा वाट्सएप ग्रुप बनाया गया था। जिसमें गोमतीनगर और दुबग्गा बस डिपो के 200 से अधिक ड्राइवर कंडक्टर जुड़े थे। ग्रुप बीते एक वर्ष से चल रहा था। इसके चलते सिटी बस प्रबंधन को कई लाख रुपये का तगड़ा झटका लगा जबकि पहले से ही सिटी बसों की आर्थिक बदहाली किसी से छिपी नहीं है।

लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता ही महत्वपूर्ण

सुकमा (आरएनएस)। जिले के मतदाता परम बुजूर्ग माताओं और सयानमन, बहिनों, भाईयो और युवा साथियों, आपको मालूम ही है कि लोकतंत्र का महापर्व पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस महापर्व की पूर्णआहूति 11 अप्रैल को आपको देना है यानि कि लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत् 11 अप्रैल को हमारे जिला सुकमा में मतदान दिवस है इस लोकतंत्र के महापर्व में मतदान का विशेष महत्व है। चुनाव में प्रत्येक मतदाता जिसकी उम्र 18 वर्ष हो गई है और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, वह अपनी इच्छानुसार अपने मत (वोट) का प्रयोग अपनी इच्छा से अपनी पसंद के उम्मीदवार को दे सकता है।

इस प्रकार लोकतंत्र में मतदान और चुनाव का अधिकार होने के कारण मतदाता परोक्ष रूप से सत्ता और शासन के संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है। मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में विवेक से काम लेकर उपयुक्त, ईमानदार और सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के पक्ष में मतदान कर वास्तविक लोकतंत्र की रक्षा कर सकता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 10 और 11 का दौरा कार्यक्रम

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 10.04.2019 बुधवार को 11.30 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपेड रायपुर से अरौद (चारामा) भानुप्रतापपुर विधानसभा जिला कांकेर के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे और अरौद (चारामा) में आमसभा, दोपहर 2 बजे छुईखदान खैरागढ़ विधानसभा जिला राजनांदगांव में आमसभा, 3.30 बजे बागरेकसा डोंगरगांव विधानसभा जिला राजनांदगांव में आमसभा को संबोधित करेंगे। 4.30 बजे बागरेकसा से हेलीकॉप्टर द्वारा सेलूद पाटन विधानसभा जिला दुर्ग के लिए रवाना होंगे। शाम 5 बजे पाटन विधानसभा के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रात्रि 8 बजे भिलाई 3 से मुख्यमंत्री निवास के लिए रवाना होंगे। 11 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सुबह 11.40 बजे पुलिस स्टेशन हेलीपेड, भिलाई 3 से नवागढ़ विधानसभा जिला बेमेतरा के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12.05 बजे नवागढ़, 1.25 बजे देवरबीजा, दोपहर 02.40 बजे घोटवानी, 03.55 बजे मुरमुंदा, 05.25 बजे खुर्सीपार, शाम 06.35 बजे कैंप, शाम 07.50 बजे हूडको, रात्री 08.55 बजे आदित्य नगर में आमसभा को संबोधित करेंगे। रात्री 09.45 बजे आदित्य नगर से मुख्यमंत्री निवास भिलाई 3 के लिये रवाना होंगे।

भाजपा का संकल्प पत्र नई बोतल में पुरानी शराब : रालोद

लखनऊ (आरएनएस)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ और फरेब की गठरी बताते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र के माध्यम से पुनः एक बार नई बोतल में पुरानी शराब भरकर देश की जनता को गुमराह करने का कुचक्र रचा है, जो अब चलने वाला नहीं है।

भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये दुबे ने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र में पहले से की गयी बातों को दोहराने का प्रयास कर रही है जिससे यह सिद्ध हो गया है कि भाजपा सरकार अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में पूरी तरह से फ्लाप रही है। वास्तविकता यह है कि इनके द्वारा किये गये संकल्प पत्र में कही गयी बातों में जनता अब आने वाली नहीं है कि क्योंकि काठ की हाण्डी एक बार ही चढा करती है बार बार नहीं।

मोर रायपुर-वोट रायपुर : बालाजी हॉस्पिटल मतदाताओं को देगा 10 प्रतिशत की छूट

रायपुर। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप द्वारा चलाए जा रहे मोर रायपुर-वोट रायपुर अभियान में अपनी सहभागिता देते हुए मोवा स्थित श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस 23 अप्रैल को मतदान करने वाले सभी मरीजों को उनके देयकों पर 10 प्रतिषत की छूट देगा। अस्पताल प्रबंधन ने स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह को इस आशय का पत्र लिखकर अपने निर्णय की जानकारी दी। यह छूट 15 मई तक प्रभावी होगा और उन सभी मरीजों को यह रियायत प्राप्त होगी जो अपनी अंगुली पर नीली स्याही का निशान प्रदर्शित करेंगे।

बिजली बिल हाफसे जनता को मिली राहत - कांग्रेस

राज्य के बाद केन्द्र में भी सरकार बनाने दे समर्थन - कुलबीर

राजनांदगांव (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव मे दोपहर की गर्मी को मात देते एवं शाम को भी शहर में दो बार जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी भोलाराम साहू को जीत दिलाने के लिए शहर कांग्रेस ने पूर्व सांसद करूणा शुक्ला के मार्ग दर्शन में कमर कस ली है।

कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा की अगुवाई में बंसतपुर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कर कांग्रेस को अपना समर्थन देने का निवेदन जनता से की गई इस दौरान अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बिजली उत्पादन में छ.ग. अग्रणी राज्य रहा है लेकिन यहां बिजली की दरों को पूर्व की भाजपा सरकार ने बढ़ाकर जनता को बिजली बिल की मार झेलने के लिए विवश कर दिया था।

जिसके कारण जनता को अंधकार का भी सामना करना पड़ रहा था।

चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्माण्डा की उपासना की गई

रायपुर (आरएनएस)। चैत्र नवरात्रि का आज मंगलवार को चौथा दिन है। चौथे दिन आज देवी के नौ रूपों में कुष्माण्डा मां की उपासना की गई। सुबह से ही भक्तों का देवी मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही।

नवरात्रि के चौथे दिन आज सुबह 10 बजकर 19 मिनट तक सारे काम बनाने वाला रवि योग और शाम 06 बजकर 56 मिनट तक आयुष्मान योग भी है। साथ ही आज वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी व्रत भी है। इस तरह नवरात्र के चौथे दिन एक साथ 4 योग लगने का असर हर राशि के जातकों पर शुभ पड़ेगा। आज मां कुष्मांडा की उपासना की जा रही है। विदित हो कि मां को कुम्हड़े की बलि बहुत प्रिय है।

राजधानी के समस्त देवी मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

मां कुष्माण्डा की आठ भुजाएं होने के कारण इन्हें अष्टभुजा वाली भी कहा जाता है। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल, अमृत से भरा कलश, चक्र तथा गदा नजर आता है, जबकि आठवें हाथ में जप की माला रहती है। माता का वाहन सिंह है और इनका निवास स्थान सूर्यमंडल के भीतर माना जाता है। कहते हैं सूर्यलोक में निवास करने की क्षमता अगर किसी में है तो वह केवल मां कुष्माण्डा में ही है। साथ ही माना जाता है कि देवी कुष्माण्डा सूर्य देव को दिशा और ऊर्जा प्रदान करती हैं।

रंगत निखारने के लिए नहीं मिलेगा नींबू से सस्ता उपाय, ऐसे लगाएं

मार्च लास्ट से अप्रैल की शुरुआत के वक्त त्वचा काफी रूखी रहती है। ऐसे में स्किन को क्लीन और क्लीयर रखना बड़ा चैलेंज होता है। नींबू एक ऐसा फल है जिसे आप खाएं या लगाएं, हर तरह से आपकी स्किन के लिए अच्छा होता है!

खाली पेट नींबू, पानी के साथ शहद पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है जिससे स्किन भी क्लीन होती है। वहीं स्किन पर नींबू कई तरह से लगाया जाता है जिससे रंगत निखरती है।

नींबू क्यों है स्किन के लिए फायदेमंद

नींबू में अल्फा हाइड्रॉक्सी ऐसिड्स होते हैं जो झुर्रियों को कम करते हैं वहीं इसमें पाए जाने वाले ब्लीचिंग एजेंट्स दाग-धब्बे हटाकर त्वचा की रंगत निखारता है। नींबू में विटमिन सी होता है जो स्किन के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है।

स्क्रब के तौर पर करें इस्तेमाल

नींबू, चीनी, नारियल तेल या ऑलिव ऑइल को स्क्रब के तौर पर लगाएं। इससे आपकी स्किन की डेड स्किन निकलेगी और ग्लो आएगा। इससे झाइयां भी कम होती हैं।

डार्क सर्कल्स

डार्क सर्कल्स कम करने के लिए नींबू में जैतून का तेल मिलाकर सोते समय डार्क सर्कल्स पर लगाएं। इससे डार्क सर्कल्स का कलर हल्का होगा।

फेस पैक

पपीते, ऐलोवेरा और खीरे के पल्प में नींबू का रस निचोड़ें। इस पेस्ट को फेसपैक के तौर पर लगाएं। इससे स्किन का कलर एक सा होगा।

इन्टेंस कहानियों वाली फिल्में करना चाहते हैं अर्जुन कपूर

अभिनेता अर्जुन कपूर और ज्यादा इन्टेंस फिल्में करना चाहते हैं और उनका कहना है कि वह पर्दे पर विभिन्न प्रकार के किरदारों जैसे ठग, गैंगस्टर और पिता के रूप में नजर आना चाहते हैं।

अर्जुन ने 2012 में फिल्म इशकजादे से अभिनय में आगाज किया था जिसके बाद उन्होंने गुंडे, 2 स्टेट्स, हाफ गर्लफ्रेंड और नमस्ते इंग्लैंड जैसी फिल्मों में काम किया।

अर्जुन ने यह पूछे जाने पर कि वह आगे क्या करने की इच्छा रखते हैं, उन्होंने बताया, यह कहना बहुत मुश्किल है कि मैं यह करना चाहता हूं या वह करना चाहता हूं क्योंकि मैं बहुत कुछ करना चाहता हूं। मुझे एक ठग की भूमिका वाली अच्छी फिल्म करने का मौका नहीं मिला है। मैं एक अच्छी गैंगस्टर फिल्म करना चाहता हूं। मैं एक पिता की भूमिका निभाना चाहता हूं और अपनी उम्र की गहरी प्रेम कहानी वाली फिल्म करना पसंद करूंगा। मैं इस समय 33 प्लस हूं..थोड़ी ज्यादा इंटेन्स।

अर्जुन इन दिनों आगामी फिल्म पानीपत की तैयारी कर रहे हैं और इंडियाज मोस्ट वांटेड में नजर आएंगे।

लिली सिंह के साथ काम कर खुश हैं प्राजकता कोली

यूट्यूबर प्राजकता कोली यूट्यूब सेंसेशन लिली सिंह के साथ काम करने का मौका पाकर बेहद खुश हैं। दोनों एक कॉमिक वीडियो के लिए साथ आई हैं जो गुरुवार को अपलोड किया गया। इसमें दिखाया गया है कि जब पुराने दोस्त लंबे अरसे बाद मिलते हैं तो क्या होता है।

ऐक्टिंग में लव स्टोरी से कमबैक करेंगे हिमेश रेशमिया

ऐक्टर के तौर पर अपना कमबैक को तैयार हैं। वह मैं जहां रहूं नाम की फिल्म में नजर आएंगे। यह टाइटल फिल्म नमस्ते लंदन के एक गाने से लिया गया है जिसे हिमेश ने ही कंपोज किया था।

फिल्म के ऐल्बम के लिए जावेद अख्तर के साथ हिमेश मिलकर काम कर रहे हैं। फिल्म से डायरेक्शन की दुनिया में डेब्यू करने जा रहे राजेश सेठी ने बताया, दोनों के 7 रोमांटिक ट्रैक्स पूरे हो चुके हैं। लीड ऐक्ट्रेस और बाकी कास्ट पर काम चल रहा है। 27 सितंबर से हम शूटिंग शुरू करेंगे।

फिल्म के बारे में बात करते हुए हिमेश ने कहा, नमस्ते लंदन बेहतरीन अनुभव था और उसी तरह यह भी लव स्टोरी है। जावेद साहब की लिरिक्स जादुई है। मुझे कंपोज और रिकॉर्ड करने में एक साल लग गए लेकिन मुझे मालूम है कि हर गाना उन सभी के साथ कनेक्ट करेगा जो प्यार में हैं या रहे हैं।

यह पहला मौका होगा जब ऐक्टर के तौर पर यह हिमेश की प्योर लव स्टोरी फिल्म होगी। फिल्म के लिए उन्होंने राजेश के साथ वर्कशॉप्स भी शुरू कर दी हैं।